Reg. No. : ....................................

Name : ........................................

**Code No. 2003**

**Second Year – JUNE 2018**
**SAY/IMPROVEMENT**

Time : 2½ Hours
Cool-off time : 15 Minutes

Part – II

# HINDI

Maximum : 80 Scores

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool-off time' of 15 minutes in addition to the writing time.
- Use the 'Cool-off time' to get familiar with questions and to plan your answers.
- Read questions carefully before answering.
- Read the instructions carefully.
- Calculations, figures and graphs should be shown in the answer sheet itself.
- Give equations wherever necessary.
- Electronic devices except non-programmable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना : निम्नलिखित कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

हे मातृभूमि तू सत्य ही सगुण मूर्ति सर्वेश की ।।
जिसके रज में लोट-लोटकर बड़े हुए हैं ।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं ।।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए ।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ।।
हम खेले-कूदे हर्षयुत जिसकी प्यारी गोद में ।

1. कवि के अनुसार सर्वेश की सगुण मूर्ति कौन है ? **(1)**

2. "धूल" शब्द का समानार्थी शब्द चुनकर लिखें । **(1)**
   (देह, रज, मेघ)

3. द्विवेदी युगीन काव्य-प्रवृत्तियों के आधार पर कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

सूचना : 4 से 7 तक के प्रश्नों से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 2 अंक हैं । (3 × 2 = 6)

4. चमकती मेज़ – कुरसियाँ
टी.वी., होम थियेटर बैठक में भाते ।
घर की बैठक में क्या-क्या चमकते हैं ?

5. मेरी जीत तेरी जीत
तेरी हार मेरी हार ....
यहाँ गीतकार किसकी ओर इशारा करता है ?

6. "न कोई जन्मनेवाला और न कोई सहेजनेवाला" – मुरकी के बारे में राजवंती ऐसा क्यों कहती है ?

7. मेरे सम्मुख आकर
बोली कोई लड़की
मुरझाए फूल की डंठल-ज्यों ।
यहाँ कवि ने लड़की की तुलना किससे की है ?

8. सूचना : सही मिलान करें । (8 × 1 = 8)

| | | |
|---|---|---|
| Atom | – | वनस्पति विज्ञान |
| Bacteria | – | प्रतिशत |
| Botany | – | जीवाणु |
| Commerce | – | परमाणु |
| Energy | – | भूगोल |
| Geography | – | ऊर्जा |
| Percent | – | उपग्रह |
| Satellite | – | वाणिज्य |

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में किन्हीं 4 के उत्तर पाँच या छः वाक्यों में लिखें : (4 × 4 = 16)

9. तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।
बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है ।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।
हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझ में ही मिल जाएगी ।।
– मनुष्य और मातृभूमि का संबंध अटूट है । इस पर अपना विचार प्रकट करें ।

10. यह कथन पढ़ें :
- घर से जुदा और ऐसे जुदा कि अब जीतेजी किसी से मिलने की आस नहीं है ।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे ।
  ...... मैं भी उनको रोता हूँ ।
- हमारी कब्र परदेस में बनेगी, तय है ।

बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

11. सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन–तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुन्दर सुखदाई ।
– सूरदास का "बालकृष्ण–वर्णन" अनुपम है । पद्यांश के आधार पर समर्थन करें ।

12. जीवन–वृत्त पढ़ें, और अमृता प्रीतम के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

जीवन–वृत्त

| | |
|---|---|
| नाम : | अमृता प्रीतम |
| जन्म : | 1919 |
| जन्म स्थान : | पंजाब |
| विशेषता : | 1982 में ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| प्रमुख रचनाएँ : | कहानियों के आँगन में, कहानियाँ जो कहानियाँ नहीं हैं । |
| निधन : | 2005 में |

13. "बेटी के विदा होने में अभी दो चार दिन वक्त था । मगर ज़मीन की विदाई आज ही हो रही थी ।" ज़मीन और बेटी की विदाई पर पिताजी दु:खी है । पिताजी के आत्मसंघर्ष पर टिप्पणी लिखें ।

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14, 15 के उत्तर लिखें ।

दिनांक 6 जून को प्रातः सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए सूरीनाम के अफ्रीकी मूल के राष्ट्रपति रुनाल्डो वेनेत्सियान ने अपने उद्बोधन में कहा था – सूरीनाम और भारत के बीच प्रगाढ़ आत्मीय संबंध है । दोनों देश अनेक अर्थों में एक दूसरे से गहरे जुड़े हैं । दोनों के बीच पुराने भाषाई संबंध हैं । भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम होती है । हिंदी की जननी संस्कृत की अपनी विशेषताएँ हैं । उसके साथ–साथ आज विश्व की एक प्रमुख भाषा के रूप में हिन्दी भी उभर रही है ।

14. सूरीनाम और भारत के बीच का संबंध किस प्रकार का है ? **(2)**

15. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 6 अंक हैं । **(3 × 6 = 18)**

16. 'बेटी के नाम' पाठ का यह अंश पढ़ें :
"फिर वही हुआ, जिसका डर था । हमारा खर्चा आधा कर दिया गया ।" – ब्रिटिश सरकार ने कैदियों को दिए गए खर्च में कटौती की । संकेतों के आधार पर समाचार तैयार करें ।
- मुसलमानों द्वारा तोहफा लाना ।
- मलिका का हार देना ।
- ब्रिटिशों का हुक्म आना ।

17. लड़के ने कमरे में घुसते ही देखा कि पिताजी कविता पढ़ रहे हैं और उनके मित्र मरे पड़े हैं । इस घटना का उल्लेख लड़का अपनी डायरी में करता है । वह डायरी 60–80 शब्दों में तैयार करें ।
संकेत :
- पिताजी से मिलने में आतुर
- डॉक्टरों की चेतावनी
- मित्र का निधन

18. ग्यारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन मॉरीशस में होने वाला है । सूचनाओं के आधार पर एक पोस्टर तैयार करें ।
- विश्व हिन्दी सम्मेलन – 2018
- तीसरी बार मॉरीशस में
- अनेक हिन्दी प्रेमियों की भागीदारी
- विश्व-भाषा के रूप में हिन्दी

19. खंड का हिन्दी में अनुवाद करें :

India became a free country on August 15, 1947. So August 15 is called the Independence day of India. The British rule came to an end on this day. On this day our first Prime Minister Pt. Jawaharlal Nehru unfurled the national flag at the Red Fort first time. It is a red letter day in the history of the country. It is celebrated all over the country with great enthusiasm.

(Rule – शासन, Unfurled – फहराया, red letter day – स्वर्णिम दिवस , Enthusiasm – उत्साह, Red Fort – लाल किला)

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें । प्रत्येक प्रश्न के 8 अंक हैं ।** **(2 × 8 = 16)**

20. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' का यह अंश पढ़ें :

मुरकी शादी के बाद शहरी लड़के के साथ किसी शहर में चार–छः महीने रही । उसने घर बनाया । मुरकी ने भी जो कुछ अपने पास था, घर बनाने में लगा दिया । इस घटना का उल्लेख करते हुए मुरकी राजवंती को पत्र लिखती है । वह पत्र तैयार करें ।
- पति के साथ नई जिन्दगी
- सारे गहने बेचकर घर बनाना ।
- भविष्य के सपने ।

21. पिताजी के आत्मसंघर्ष को देखकर बेटी बहुत दुःखी हुई । वह अपने आप को परिवार के लिए बोझ समझने लगी । वह अपना दुःख आत्मकथा में सूचित करती है । वह आत्मकथांश 100–120 शब्दों में तैयार करें ।
- भाई और पिता का प्यार
- शादी की तैयारियाँ
- ज़मीन के प्रति पिताजी का लगाव ।
- परिवार के लिए बोझ बनने का अहसास

22. 'वह भटका हुआ पीर' पाठ भाग का यह अंश पढ़ें :

'गर्मी की एक साँझ में वह मेरे गेट के सामने खड़ा होकर मुझसे पूछ रहा था, पानी पिएँगी ? अभी भरवाकर ला रहा हूँ ।' – संकेतों के आधार पर लेखिका एवं स्कूटरवाले के बीच का वार्तालाप तैयार करें ।
- स्कूटरवाले के साथ लेखिका की यात्रा
- रास्ते में यात्रियों को पानी देना ।
- पैसा देकर मश्क भरवाना ।
- पुण्य काम करना ।